**Unified Mobile, Financial, and Information Toolkit**

Devendra Potnis, PhD

Bhakti Gala, PhD

*(Funded by ALISE/OCLC Research Grant Program)*

## हमारे टूलकिट का संक्षिप्त संस्करण

### भूमिका

आप सभी का स्वागत है! आने के लिए धन्यवाद। आज हम तीन प्रकार की साक्षरता  के बारे में बात करने जा रहे हैं, जिसमें मोबाइल फोन का उपयोग करके वित्तीय लेनदेन करने में आवश्यकता होती है, जिसकी परिकल्पना भारत सरकार द्वारा की गयी है। जिन साक्षरता ओं की हम चर्चा करने जा रहे हैं, वह हैं वित्तीय साक्षरता, सूचना साक्षरता और मोबाइल साक्षरता। यदि आपके पास वित्तीय लेनदेन हेतु मोबाइल फोन का उपयोग करने की क्षमता नहीं है, तो आप कैशलेस सोसायटी में पीछे रह जाएंगे। यदि आप नकदी का परित्याग करते हैं और मोबाइल भुगतान का उपयोग शुरू करते हैं तो आपको कोविड-19 वायरस से संक्रमित होने की संभावना कम है।

### भाग I: वित्तीय साक्षरता

1. क्या आपने इनमें से खुद कोई भी वित्तीय लेनदेन किया है? आपका अनुभव कैसा रहा?
2. प्रतिभागियों और उनके साथ जुड़े उदाहरणों और गुण-दोष का उपयोग करते हुए निम्नलिखित शर्तों को समझाएँ : खाता खोलने, जमा, निकासी, मुद्रा हस्तांतरण, बैंक विवरण, ऋण, निवेश, अपचार, अपचार से बचने के तरीके और मुद्रास्फीति *[निम्नलिखित तालिका का प्रयोग करते हुए वर्णन करें। ]*
3. आप बजट (व्यय योजना) कैसे बनाते हैं? क्या आप अपने व्यय को ट्रैक/रिकॉर्ड करते हैं? *[इच्छा और आवश्यकता के बीच के अंतर को व्याख्यायित करें]*
4. यदि आप 1 वर्ष के लिए 10% के व्याज दर पर 5, 000 रुपये का ऋण लेते हैं, तो आपको कितना ब्याज देना होगा?

5. पिछले ऋण का भुगतान करने के लिए नया ऋण लेना जोखिम भरा हो सकता है। इस संवृति को ऋणी की "अति-ऋणग्रस्तता" कहा जाता है। अति-ऋणग्रस्तता ऋण-चक्र में ऋणी को जकड़ सकती है। आपको क्यों लगता है कि लोग अत्यधिक ऋणग्रस्तता के लिए मजबूर हैं? क्या आप अति-ऋणग्रस्तता को दूर करने के लिए कोई संभावित उपाय सुझा सकते हैं? *[अतिरिक्त ऋण से बचने के लिए सोपानों पर चर्चा करें]*
6. क्या कोई बचत के लाभों को बता सकता है?
7. हम अपने ग्राहक में बचत की आदत कैसे बढ़ा सकते हैं? क्या आप बचत के लिए कोई कहानी या सुझाव साझा कर सकते हैं?
8. क्या आप आवर्ती जमा और सावधि जमा जैसे वित्तीय उत्पादों और उनके लाभों से अवगत हैं? *[अध्ययन प्रतिभागियों के साथ उपरोक्त नियमों पर चर्चा करें।]*
9. क्या आप किसी को जानते हैं, जो आपातिक निधियों से अवगत है? *[आपातिक निधियों के महत्व को समझाएँ - उदाहरणों और कहानियों को एकत्र कीजिए]*
10. संभावित हानि या अप्रत्याशित घटनाओं से जोखिम को कैसे प्रबंधित करें? *[उपाय साझा करें]*

**भाग II: मोबाइल साक्षरता**

11. क्या आप सभी अपने मोबाइल फोन को वाईफाई से जोड़ सकते हैं?

12. वाईफाई से जुड़े निम्नलिखित शब्दों को समझाएँ : लागत, बीमाकृत राशि, गति, गुणवत्ता, मोबाइल एप्लिकेशन और सुरक्षा

13. इंटरनेट क्या है? वर्ल्ड वाइड वेब क्या है? *[मोबाइल फोन पर वेब सर्फिंग की व्याख्या करें।]*

14. आप इंटरनेट पर जानकारी कैसे खोजते हैं? क्या आपने किसी सर्च इंजन का प्रयोग किया है? क्या आप जानते हैं कि अपने मोबाइल फोन पर वेबसाइटों का उपयोग कैसे किया जाता है? *[डेमो और चर्चा - उनकी टिप्पणियों को खोजें]*

15. आपके मोबाइल उपकरणों पर किस प्रकार के सुरक्षा विकल्प उपलब्ध हैं? *[उन्हें दूसरों के साथ साझा करने को कहें] मोबाइल उपकरणों पर विभिन्न सुरक्षा विकल्पों के लाभ और हानि पर चर्चा करें।*

16. हमें (a) आपके मोबाइल फोन के लिए एक पासवर्ड सेट करने दें, (b)अपने मोबाइल फोन को मोबाइल इंटरनेट से जोड़ें, (c) अपने मोबाइल फोन को वाईफाई से जोड़े (यदि सार्वजनिक पुस्तकालय में हैं), (d) (b) और (c) के बीच के अंतर पर चर्चा करें, और (e) अपने मोबाइल फोन पर डाउनलोड करने के बाद BHIM में व्यक्तिगत खाता व्यवस्थित करें।

17. अंत में, डाउनलोड करें और BHIM का उपयोग करने का प्रयास करें ...

**भाग III: सूचना साक्षरता**

आमतौर पर, सूचना साक्षरता को विकसित करने के लिए छह चरण हैं: a. सूचना की आवश्यकता की पहचान करना, (b) वित्तीय उत्पादों और बैंकों द्वारा दी जाने वाली सेवाओं के बारे में योजना बनाना और सूचना एकत्र करना, (c) वित्तीय जानकारी का मूल्यांकन करना जो आप दूसरों से एकत्र करते हैं, (d) अपनी महत्वपूर्ण सूचना को बेहतर तरीके से संग्रहीत और प्रबंधित करना, (e) सूचना का नैतिक और कानूनी उपयोग करना, और (f) वित्तीय जानकारी का उपयोग, खोज, भंडारण, प्रसंस्करण और अपने पूर्व अनुभवों से नई चीजें सीखते रहें। सूचना साक्षरता से संबंधित कुछ उत्तर दें और चर्चा करें।

A. अभिनिर्धारण

18. अपनी शीर्ष -3 वित्तीय आवश्यकताओं की सूची बनाएं।

19. कौन सी विभिन्न प्रकार की वित्तीय सूचना (यानी ... से संबंधित जानकारी) की आपको सबसे अधिक आवश्यकता है?

20. साधारण ब्याज दर और चक्रवृद्धि ब्याज दर के बीच अंतर क्या है?

21. बचत और चालू खाता में क्या अंतर है?

B. योजना और एकत्रीकरण

22. वित्तीय सूचना प्राप्त करने और/या खोजने के आपके शीर्ष -3 स्रोत क्या हैं?

23. वित्तीय सूचना की आवश्यकता या खोज के लिए आप कितनी बार सार्वजनिक पुस्तकालयों का उपयोग करते हैं?

24. आप आवश्यक वित्तीय सूचना को खोजने के लिए सार्वजनिक पुस्तकालयों पर विश्वास या अविश्वास क्यों करते हैं? कृपया समझाएँ।

25. क्या आप जानते हैं कि सार्वजनिक पुस्तकालय विभिन्न प्रकार की वित्तीय सूचना कैसे प्रदान करते हैं?


26. नई वित्तीय सूचना एकत्र करने से संबंधित शीर्ष -3 चुनौतियाँ क्या हैं?

27. क्या आपने कभी वित्तीय सूचना को एकत्र करने (खोजने, तलाशने या प्राप्त करने) के लिए मोबाइल फोन या कंप्यूटर का उपयोग किया है? यदि हाँ, तो आपका अनुभव कैसा रहा?

C. मूल्यांकन

28. क्या आप विज्ञापन और ऑफ़र सहित कई स्रोतों से प्राप्त या प्राप्त वित्तीय सूचना का मूल्यांकन करते हैं? यदि हाँ, तो विभिन्न स्रोतों से एकत्रित वित्तीय सूचनाओं के मूल्यांकन के लिए आप कौन से तीन मापदंड का प्रयोग करते हैं?

29. क्या आप निम्नलिखित में से किसी भी डिजिटल भुगतान विधि से अवगत हैं?




30. क्या आपने कभी वित्तीय लेनदेन करने के लिए किसी मोबाइल फोन का प्रयोग किया है? यदि हाँ, तो आपका अनुभव कैसा रहा? कृपया प्रक्रिया को विस्तार से बताएं।

D. प्रबंधन

31. भविष्य के लिए आपकी वित्तीय योजना को कौन से कारक प्रभावित कर सकते हैं? आप उनका प्रबंधन कैसे करते हैं?

E. प्रयोग

32. वित्तीय सूचना से निपटने के लिए कुछ नैतिक और कानूनी चुनौतियां (जैसे, आपकी गोपनीयता, आपके वित्तीय डेटा की सुरक्षा आदि) क्या हैं?

33. मोबाइल फोन पर वित्तीय लेनदेन करने के बारे में आप और क्या जानना चाहेंगे?

34. वित्तीय सूचना का उपयोग करने के कुछ प्रमुख उदाहरण क्या हैं?

F. विचार करें और सीखें

35. क्या आप पूर्व में अपने वित्तीय जानकारी का उपयोग, खोज, भंडारण, प्रबंधन, प्रसंस्करण या अपनी गलतियों को साझा कर सकते हैं?

36. आपके द्वारा की गई गलतियों से बचने के लिए आप दूसरों को क्या सलाह देंगे?

37. आपकी रूचि किस प्रकार का नया वित्तीय ज्ञान प्राप्त करने में होगी?